कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

गांधी चौक के पास नया मुख्यालय भवन रायपुर

फोन नं. : 2535780, 90, फैक्स : 0771–2227395, E - mail -: dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक / 5022 / न.पा.नि. / PMAY-HFA / 2022 रायपुर, दिनांक 19 / 11 / 2022

"आवश्यक सूचना"

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक भागीदारी में किफायती आवास (AHP) अंतर्गत् स्वीकृत परियोजना 551 अमलीडीह में निर्मित / निर्माणाधीन फ्लैटों में से "मोर मकान–मोर आस" योजनातंर्गत् 232 नग फ्लैट आबंटन हेतु इस कार्यालय द्वारा जारी पत्र क्र. / 4846 / न.पा.नि. / PMYA-HFA / 2022, रायपुर, दिनांक 04 / 11 / 2022 के माध्यम से "चयनित / प्रतिक्षारत् आवेदकों की सूची का प्रकाशन" किया गया था, जिसमें चयनित 232 आवेदकों को दिनांक 21 / 11 / 2022 तक हितग्राही अंशदान जमा करने का समय प्रदान किया गया था।

वर्तमान में समस्त चयनित 232 आवेदकों को सूचित किया जाता है, कि उक्त तिथि को बढ़ाकर 28 / 11 / 2022 किया गया है। निर्धारित तिथि तक आवास आबंटन हेतु नगर पालिक निगम, रायपुर के **कक्ष क्र. 402** में उपस्थित होकर हितग्राही अंशदान जमा करना सुनिश्चित करें। हितग्राही द्वारा हितग्राही अंशदान की राशि जमा किये जाने के उपरांत ही लॉटरी के माध्यम से ब्लॉक एवं फ्लैट नम्बर प्रदान किया जावेगा।

उक्त विषय में अधिक जानकारी / पुछताछ / सहयोग / मार्ग–दर्शन हेतु निगम मुख्यालय के कक्ष क्र. 402 स्थित हेल्प डेस्क में उपस्थित होकर अथवा हेल्पलाईन नम्बर ✆ 72477–53255 में संपर्क कर प्राप्त कर सकते है।

18/11/2022

नोडल अधिकारी
प्रधानमंत्री आवास योजना
नगर पालिक निगम, रायपुर

Scanned with CamScanner

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

गांधी चौक के पास नया मुख्यालय भवन रायपुर

फोन नं. : 2535780, 90, फैक्स : 0771–2227395, E - mail -: dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक / 4846 / न.पा.नि. / PMAY-HFA / 2022 रायपुर, दिनांक 04 / 11 / 2022

"चयनित / प्रतिक्षारत् आवेदकों की सूची का प्रकाशन"

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक भागीदारी में किफायती आवास (AHP) अंतर्गत् स्वीकृत परियोजना 551 अमलीडीह में निर्मित / निर्माणाधीन फ्लैटों में से "मोर मकान–मोर आस" योजनातंर्गत् 232 नग फ्लैट आबंटन हेतु इस कार्यालय द्वारा जारी विज्ञापन क्र. 01 / 2022, दिनांक 18 / 05 / 2022 के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसमें कुल 1619 आवेदन प्राप्त हुए। पात्र / अपात्र आवेदनों की प्राथमिक सूची दिनांक 15 / 07 / 2022 को नगर पालिक निगम, रायपुर की वेबसाईट में ऑनलाईन जारी कर आवेदनों पर दिनांक 05 / 08 / 2022 तक दावा आपत्ति आमंत्रित की गयी थी। निर्धारित तिथि में प्राप्त दावा आपत्ति पर परीक्षण समिति द्वारा अवलोकन कर अंतिम सूची जारी की गयी, जिसमें कुल 493 आवेदक पात्र एवं 1126 आवेदक अपात्र पाये गये।

तत्पश्चात् समस्त पात्र 493 हितग्राहियों की नामजद लॉटरी दिनांक 20 / 10 / 2022 को मुख्यालय के चतुर्थ तल स्थित सामन्य सभा कक्ष में की गयी। लॉटरी के माध्यम से चयनित प्रथम 232 आवेदकों का चयन उपलब्ध आवासों के विक्रय हेतु किया गया है तथा शेष 261 आवेदकों की लॉटरी प्रतिक्षाक्रम निर्धारित करने हेतु की गयी है। उपरोक्तानुसार 232 चयनित आवेदकों तथा 261 प्रतिक्षाक्रम आवेदकों की सूची सर्व–संबंधितों के अवलोकन हेतु जारी (ऑनलाईन एवं ऑफलाईन) की जाती है।

उपरोक्त चयनित 232 आवेदक दिनांक **21 / 11 / 2022** तक आवास आबंटन हेतु नगर पालिक निगम, रायपुर के **कक्ष क्र. 402** में उपस्थित होकर हितग्राही अंशदान जमा करना सुनिश्चित करें। हितग्राही द्वारा हितग्राही अंशदान की राशि जमा किये जाने के उपरांत ही लॉटरी के माध्यम से ब्लॉक एवं फ्लैट नम्बर प्रदान किया जावेगा।

उक्त विषय में अधिक जानकारी / पुछताछ / सहयोग / मार्ग–दर्शन हेतु निगम मुख्यालय के कक्ष क्र. 402 स्थित हेल्प डेस्क में उपस्थित होकर अथवा हेल्पलाईन नम्बर ☎ 72477–53255 में संपर्क कर प्राप्त कर सकते है।

नोडल अधिकारी
प्रधानमंत्री आवास योजना
नगर पालिक निगम, रायपुर